Title: Need to run direct train between Jammu (J&K) and Hardwar (U.P.)

वैद्य विणु दत्त शर्मा (जम्मू) : सभापति महोदय, जम्मू-कश्मीर राज्य में जम्मू मंदिरों के शहर के नाम से जाना जाता है। करोड़ों श्रद्धालु प्रतिर्वा यहां माता वैणो देवी, बाबा अमरनाथ जी की यात्रा पर व अन्य सैरगाहों में आते हैं व जाते समय वे हरिद्वार जाना पसन्द करते हैं। जम्मू से हरिद्वार तक कोई भी रेलगाड़ी सीधी नहीं जाती, जबकि जम्मू से हरिद्वार तक रेलमार्ग बना हुआ है। जम्मू से कई रेलगाड़ियां पंजाब व दूसरे स्थानों के लिए घाटे में चल रही हैं। उनमें से किसी एक को सीधा हरिद्वार के लिए शुरू किया जा सकता है, जो रेलवे के लिए भी लाभदायक सिद्ध होगा।

1512 hours (Shri P.H. Pandiyan *in the Chair*)